दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकवाणी 12 जनवरी को सेवा का एक साल विषय पर होगी बात

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी का प्रसारण आगामी 12 जनवरी को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों एफ.एम.तथा क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है। लोकवाणी में इस बार का विषय सेवा का एक साल रखा गया है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छपाक फिल्म को राय में किया टैक्स फ्री

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा एसिड अटैक सर्वाइवर पर बनी फिल्म छपाक को राय में टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के ऊपर तेजाब से हमले करने जैसे गंभीर अपराध तथा इससे पीड़ित व्यक्ति के जीवन में पडने वाले नकारात्मक प्रभाव को दर्शाती इस फिल्म को सभी सपरिवार को देखना चाहिए और समाज में जागरूकता लानी चाहिए। टैक्स फ्री होने के पश्चात छत्तीसगढ़ के सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म के लिए एस.जी.एस.टी.की धनराशि को घटाकर दर्शकों को टिकटों का विक्रय किया जाएगा। जिससे टिकटों के सामान्य दामों में कमी आएगी और अधिक से अधिक लोग सामाजिक संदेश देती इस फिल्म को देख सकेंगे।

### 11 से 17 जनवरी तक मनाया जाएगा 31 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह

» जन-जागरूकता के लिए आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 31 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह जिले में दिनांक 11 जनवरी से 17 जनवरी 2020 तक आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि भारत में लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते है। यह उनके परिवारों के लिए आर्थिक व भावनात्मक रूप से बड़ी क्षति होती है। जिसे रोकने के लिए केन्द्र व राय सरकारों के द्वारा विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं। परंतु जनता की भागीदारी के बिना सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना संभव नहीं है। अतः लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा यातायात नियमों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जाती है। इस वर्ष भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जैसे राहगीरी व वाकेथॉन, यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों को गुलाब देना, नियमों के पालन करने वालों तथा यातायात पुलिस व चिकित्सकों को रोड सेफ्टी चैम्पियन के रूप में सम्मानित करना। महिलाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए टू-व्हीलर रैली आयोजित करना, औद्योगिक क्षेत्रों व टोल प्लाजा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना, ऑटो एवं टैक्सी संचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर लगाना, रेडियो व सोशल मीडिया में सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार, कॉलेज के छात्रों के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम व रैली, स्कूलों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जानकारी देना इत्यादि। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता होनी चाहिए।

### प्रभारी सचिव अलरमेल मंगई डी ने ली धान खरीदी के लिए समीक्षा बैठक

» राय के सर्वाधिक 260 प्रकरण रायगढ़ जिले में, सर्वाधिक डीओ जारी व सर्वाधिक धान का उठाव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले की प्रभारी सचिव एवं नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी ने आज कलेक्टेट में धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के 16 अंतर्राीय बैरियर में विशेष निगरानी रखने तथा बैरियर के बाईपास रास्तों में मोबाइल चेकिंग दल द्वारा निगरानी किए जाने एवं जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में वर्षा से धान की सुरक्षा हेतु कैप कव्हर लगाने तथा वास्तविक किसानों से धान खरीदी किए जाने के लिए निर्देश दिए।

# शहरी प्रशासन में कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें अधिकारी-कर्मचारी-अलरमेलमंगई डी

**» नगरीय प्रशासन सचिव श्रीमती मंगई डी ने ली जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक »**

**» दो कर्मचारियों को निलंबित व एक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले की प्रभारी सचिव एवं नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव एवं श्रीमती अलरमेलमंगई डी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर जिले के नगरीय निकायों के कार्यो की गहन समीक्षा की। सचिव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन शासन का एक महत्वपूर्ण विभाग है जो आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ा है।

शहरी सुविधाओं की जनसामान्य तक समय पर प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को संवेदनशीलता से कार्य करना होगा। किसी भी शहर में शासन-प्रशासन की छवि वहां की स्वछता और सुविधाओं की सुलभता से बनती है, इसलिए सभी लोग अपने निकाय में अपना श्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें। जिससे रायगढ़ जिला शहरी प्रशासन के मामलें में छत्तीसगढ़ में एक अलग पहचान बना सके।

इस दौरान राय स्तर के टीम ने नगरीय निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों के सर्वेक्षण के आंकड़े प्रस्तुत किए। जिसके तहत स्वछ भारत मिशन, स्वछता सर्वेक्षण, कचरा मुक्त शहर, व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सड़कों की सफाई, मिशन क्लीन सिटी के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नालियों की सफाई आदि कार्यो की निकायवार विस्तार से समीक्षा की।

प्रभारी प्रमुख सचिव ने रायगढ़ नगर निगम में अमृत मिशन व अधोसंरचना, विकास में लक्ष्यों के अनुरूप कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश प्रभारी सचिव ने दिए। उन्होंने निर्माण कार्यो में लेट-लतीफी करने वाले ठेकेदार के टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए।

निगम पालिक निगम आयुक्त रायगढ़ को वार्ड कार्यालयों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी सहित वार्ड कार्यालय का पूरा नाम, पता व उस कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो का उल्लेख कार्यालय के बाहर अवश्य करायें। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में नागरिक सुविधाओं के विकेन्द्रीकरण को ध्यान में रख कर वार्ड कार्यालय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिससे लोगों को घर के समीप ही त्वरित समाधान मिल सके।

**बैठक के मुख्य बिन्दु**

- »कार्य को बेहतर तरीके से करने के दिए टिप्स
- » राजस्व वसूली के लिए नगर निगम बना बधाई का पात्र
- » स्वछता सर्वेक्षण के लिए जन-जागरूकता के मिले निर्देश
- » कमजोर प्रदर्शन वाले निकायों को सुधार की मिली नसीहत
- » निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए नगरीय निकाय के इंजीनियर्स की पृथक बैठक लेने की बात कही

आयुक्त नगर पालिक निगम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि लक्ष्य के विरूद्ध 65 प्रतिशत राजस्व वसूली कर ली गई है, तथा वसूली बढ़ाने के प्रयास भी किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं के तहत शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, व्यवसायिक क्षेत्र में नाईट स्वीपिंग, शहर सौंदर्यीकरण के अंतर्गत वाल पेन्टिग व डिवाईडरों का रंग-रोगन किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए अलाव एवं रैन बसेरों की भी व्यवस्था की गई है।

आगामी स्वछता सर्वेक्षण के मद्देनजर लोगों को विभिन्न प्रचार माध्यमों के द्वारा जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने आगे सफाई व्यवस्था की बेहतरी के लिए स्वछता दीदी की संख्या बढ़ाने व कचरे के लिए पृथक डंपिंग साइट की व्यवस्था की मांग की। जिसके त्वरित समाधान की बात प्रभारी सचिव ने कही।

खरसिया, किरोड़ीमलनगर, लैलूंगा के कार्यो को मिली सराहना

धरमजयगढ़, घरघोड़ा को दी काम सुधारने की नसीहत

प्रभारी सचिव श्रीमती मंगई डी ने खरसिया नगर पालिका में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सीएमओ की सराहना की। किरोड़ीमलनगर को कचरा मुक्त शहर में 7 स्टार रैंकिंग मिलने तथा बीएलसी में लक्ष्य से अधिक कार्य के लिए प्रशंसा मिली। लैलूंगा के सीएमओ को बुनियादी शहरी योजनाओं को बेहतर तरीके से जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए तारीफ मिली।

सचिव श्रीमती मंगई डी ने घरघोड़ा नगर पंचायत में योजनाओं की स्थिति के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए पूर्व सीएमओ और वर्तमान सब इंजीनियर को निलंबित करने के आदेश संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को दिए और धरमजयगढ़ के सीएमओ को भी कार्य में लापरवाही के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान सौमिल रंजन चौबे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राय शहरी विकास प्राधिकरण सहित रायपुर से आयी राय समन्वयकों के साथ उपायुक्त नगर निगम पंकज मित्तल रायगढ़, सीएमओ खरसिया, किरोड़ीमलनगर तथा अन्य नगर पंचायत के सीएमओ उपस्थित रहे।

# खरसिया के तीन स्कूलों व छात्रावास के 2714 बचों को सीखाया गया आत्मरक्षा के गुर

**» खरसिया क्षेत्र में चलाया जा रहा है पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बेटियां सुरक्षित तो समाज सुरक्षित। वर्तमान समय में स्कूलों में छात्राओं को यौन अपराधों की जानकारी तथा उनके बचाव एवं आत्मरक्षा करने के गुणों की जानकारी देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा अभियान चलाकर स्कूलों में व्यवहारिक शिक्षा के साथ छात्राओं को कानून की शिक्षा एवं आत्मरक्षा के गुर सीखाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 09.01.2020 को पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस महिला रक्षा टीम के सदस्यों व थाना खरसिया की महिला प्रधान आरक्षक सरोजिनी राठौर के साथ खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेंडरी स्कूल, नगर पालिका कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर उचतर माध्यमिक विद्यालय खरसिया एवं शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में संवदेना अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को यौन अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ ही गुड टच, बैड टच की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टी.आई. ग्रेस द्वारा छात्र-छात्राओं को यह कहते हुए बतायी कि टी.वी. समाचार पत्रों में महिलाओं के विरूद्ध गंदे और भयावक घटनाओं के बारे में सुना-देखा होगा जरूरी नहीं कि ऐसी घटना होने के बाद ही सबक ले। हमें सर्तक रहना चाहिए। कम उम्र की मासूम बचियां जिन्हें सही-गलत की भी जानकारी नहीं है , उनका गलत फायदा अपराधिक किस्म के लोग उठाते हैं। बलात्कार एवं छेड़छाड़ के विरुद्ध बचियों एव किशोरियो को सशक्त बनाने एव शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने के लिये जरूरी है कि अपना झिझक तोड़े, शर्म हटाये। पुलिस और अपने माता-पिता और अध्यापकगण से कुछ न छिपायें। किसी भी परिस्थिति का निर्भीक होकर सामना करें। उन्होने कहा कि बचियां, लड़कियां कोशिश करे कि वे अकेले में सुनसान स्थानों में न घूमे। सफर के दौरान पास में बैठे पुरुष द्वारा अगर गलत हरकत किया जा रहा हो तो डटकर उसका विरोध करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपरिचित लोगों से दूरी बनाने एवं विवादित पोस्ट शेयर ने करने की सलाह दी। टी.ग्रेस द्वारा हेल्प लाईन नम्बर डॉयल 112, 100,1091,1098 पर कॉल कर स्वयं तथा दूसरों की मदद की जा सकती है बतायी।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 09.01.2020 को दुष्कर्म के मामले का फरार आरोपी रमेश कुमार धनवार पिता सुनाराम धनवार उम्र 27 साल निवासी ग्राम शिवपुरी थाना पूंजीपथरा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी रमेश कुमार धनवार द्वारा दिनांक 22/08/19 को 25 वर्षीय विवाहिता को फोन कर बोला कि मेला घुमाने ले जाऊंगा , जब महिला ने कहा कि पति बचे नहीं है। रमेश को पता चला कि उसका पति नहीं है तब रात के 8 बजे घर आया और दरवाजा को धक्का मार कर खोल दिया और अंदर जाकर चाकू दिखाते हुए मेरे साथ मेला देखने चल कहकर धमकाते हुए घर से ले गया और लाखा जंगल के पास जबरन बलात्कार किया और फिर रायगढ़ मेला देखने ले गया। मेला में महिला अपने पति और भाई को देखकर उनके पास दौड़कर गई और घटना को बतायी। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 650/19 धारा 376, 506 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी गिरफ्तार के भय से फरार था, जिसे आज मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की तफ्तीस कोतवाली टी.आई. एस.एन.सिंह द्वारा की जा रही है।

## कलेक्टर की अभिभावकों से अपील 19 जनवरी को बचों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद जरूर पिलायें

» रेलवे एवं बस स्टेशन, साप्ताहिक बाजार, ईट भट्ठा एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्र के बचों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु विशेष टीम का गठन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत 19 जनवरी 2020 को 0 से 5 वर्ष आयु समूह के सभी बचों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक अवश्य पिलायें। 19 जनवरी को सुबह कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ जिला एवं विकासखण्डों में किया जायेगा।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि 19 जनवरी को रायगढ़ जिले में 0 से 5 वर्ष आयु समूह के 175931 (अनुमानित) बचों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलायी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बचों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जुट गयी है। सभी विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों के विशेष स्थलों तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, साप्ताहिक बाजार, ईट भट्ठा एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्र के बचों हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है। रायगढ़ जिले में कुल बूथ संख्या 1866, ट्रांजिट टीम 33, मेला बाजार स्थल 10 एवं मोबाईल दल 15 कुल दलों की संख्या 1924 है, जिसमें कुल सदस्य संख्या 3963 एवं कुल पर्यवेक्षक संख्या 430 है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.पी. पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी विकासखण्डों के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं सीएचएमओ कार्यालय के आरोग्यम् सभा गृह में डब्ल्यू.एच.ओ.द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रभारी सचिव ने गुड़ेली उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण



» स्टेकिंग के संबंध में प्रबंधक को दिए निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले की प्रभारी सचिव एवं नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी ने आज रायगढ़ जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 159 का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र गुड़ेली में धान के कुछ स्टेकिंग में सिंगल लेयर डनेज पाने पर डबल लेयर डनेज लगाकर स्टेकिंग करने के निर्देश दिए।

# वर्ष 2019 के वार्षिक लेखा-जोखा के साथ पुलिस-प्रेस का मिलन समारोह



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सायं पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिला पुलिस रायगढ़ के वर्ष 2019 के वार्षिक लेखा जोखा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यों के साथ साझा करते हुए रायगढ़ पुलिस द्वारा गत वर्ष दिनांक 09 जनवरी 2020 को की गई कार्यवाहियों तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना की संक्षिप्त जानकारी दिये। एस.पी सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में भारतीय दंड विधान के तहत गत तीन वर्षों के ऑकडो के अनुसार आंशिक वृद्धि है किन्तु गंभीर अपराध जैसे हत्या के अपराध में कमी आई है। वर्ष 2019 में 66 प्रकरण में 27 प्रकरणों में नजदीकी रिश्तेदारों परिजनों द्वारा हत्या की घटना कारितकिया गया है। वर्ष 2018 की तुलना में 4.34त्न की कमी है। अंधे कत्ल के मामलों में पुलिस ने सत प्रतिशत सफलता अर्जित की 11 प्रकरणों में अपनी व्यवसायिक दक्षता का परिचय देते हुये सभी प्रकरणों को सुलझाने में सफलता प्राप्त हुआ है। जिला पुलिस द्वारा वर्ष 2019 में लघु अधिनियत की कार्यवाही में अप्रत्याशित वृद्धि की गई है जो पूरे रेंज में स्थिति बेहतर है। आबकारी एक्ट के तहत 1764 प्रकरण में 5999 लीटर शराब करीब 1043967 रुपए के जप्त किया गया है। साथ ही आबकारी एक्ट के प्रकरणों में जप्त 25 मोटरसाइकिल, 01 ऑटो, 03 चार पहिया वाहनों को राजसात करने हेतु दंडाधिकारी रायगढ़ को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार जुआ एक्ट के प्रकरणों में 304 प्रकरणों में 1210 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 1455411 रुपए जब्ती की गई है। सट्टा एक्ट में 323 आरोपियों को गिरफ्तार कर 13 लाख रूपये की जब्ती की गई है। एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में अवैध गांजा के 25 प्रकरण तथा 12 प्रकरण नशीली दवाओं की अवैध तस्करी के कायम किया गया है जिसमें 59 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे करीब 2719900 के गांजा और 508970 रुपए के नशीली दवाएं जप्त की गई है।

गुमशुदा बच्चों के मामलों में वर्ष 2019 में 39 बालक व 176 नाबालिग बालिकाएं गुम हुई थी जिसमें से 35 बालक व 162 बालिकाओं कुल 197 को दस्तयाब किया गया है ।

इसी प्रकार अवैध धान पर वर्ष 2019 में 252 प्रकरणों में 29 वाहन जप्त किया गया है। महिलाओं से संबंधित अपराधों में वर्ष 2019 में 28 पीड़ितों को 3669000 की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय कराई गई है। मानव तस्करी के अपराधों में भी कमी आई है। जिला पुलिस की महिला रक्षा टीम द्वारा वर्ष 2019 में 49086 बच्चों को संवेदना कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया है। डायल 112 द्वारा 41471 लोगों तक इवेंट पर पहुंच कर उन्हें सहायत प्रदान की गई। सड़क दुर्घटनाओं में भी आंशिक कमी आई है गत वर्ष की तुलना में जनहानि कम है वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 18494 प्रकरणों में ?6070900 शमन शुल्क शासन के खाते में जमा कराया गया है। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक, हेलमेट जागरूकता आदि पर लगातार कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला पुलिस की आगामी कार्य योजना से अवगत कराते हुए बताएं कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य करना व आहतो को त्वरित उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाना यह प्राथमिकताओं में एक है। शराब के अवैध निर्माण, परिवहन, भंडारण वितरण पर पूर्ण नियंत्रण पाना। मानव तस्करी एवं महिला अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाना। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की पर विशेष काम करना व अन्य कार्ययोजनाओं को संक्षिप्त रूप से प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यों के साथ साझा किए और सल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किए। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा , एडिशनल एसपी ट्रैफिक आर.के. मिंज तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480